II

परिशिष्ट 2

# बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर

राजकीय डूंगर कॉलेज परिसर, ज.एन.व्यास कॉलोनी, बीकानेर (राज.)

क्रमांक –प.7 ( ) / बीविवी / शैक्ष. / वि.प. / 2006 / 10178 - 10213 दिनांक –26–07–2006
10241 – 46 29

सदस्य, विद्यापरिषद
बीकानेर वि.वि., बीकानेर

विषय :– विद्या परिषद की बैठक का कार्यवाही विवरण।

महोदय,

बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 1–6–2006 को आयोजित विद्या परिषद की बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। कृपया पावती से अवगत करावें।

कुलसचिव
26/7/06

# बीकानेर विश्वविद्यालय

राजकीय डूंगर कॉलेज परिसर, जे.एन. व्यास कॉलोनी, बीकानेर (राज.)
दूरभाष: 0151-2544466 (पी.बी.एक्स.), 2544220 (टेलीफैक्स)

## विद्या परिषद की द्वितीय बैठक का कार्यवृत

बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर की विद्या परिषद की द्वितीय बैठक दिनांक 1 जून, 2006 को प्रातः 11.30 बजे विश्वविद्यालय के विधि विभाग परिसर में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए:-

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. विमलेन्दु तायल | अध्यक्ष |
| 2. डॉ. सी. एम. कटारिया | सदस्य |
| 3. डॉ. जी.पी. माथुर | सदस्य |
| 4. डॉ. एम.एल. शर्मा | सदस्य |
| 5. डॉ. छिगल लाल वर्मा | सदस्य |
| 6. डॉ. बी. आर. चौधरी | सदस्य |
| 7. डॉ. रविन्द्र मंगल | सदस्य |
| 8. डॉ. जी. पी. सिंह | सदस्य |
| 9. श्री पंकज गोस्वामी | सदस्य |
| 10. डॉ. जी. एन. शर्मा | सदस्य |
| 11. डॉ. डी. सी. शर्मा | सदस्य |
| 12. डॉ. प्रकाश अमरावत | सदस्य |
| 13. डॉ. बलदेव सिंह आर्य | सदस्य |
| 14. डॉ. आर.के. सक्सेना | सदस्य |
| 15. डॉ. एम.के. जैन | सदस्य |
| 16. श्री टी.एन. नाग | सदस्य |
| 17. डॉ. मोईनद्दीन | सदस्य |
| 18. डॉ. (श्रीमती) कुसुमलता शर्मा | सदस्य |
| 19. डॉ. कृष्णा तोमर | सदस्य |
| 20. डॉ. एच.आर. बेनीवाल | सदस्य |
| 21. डॉ. (श्रीमती) ईश्वरी कल्ला | सदस्य |
| 22. डॉ. अहमद अली | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | डॉ. एस. एस. अग्रवाल | सदस्य |
| 24. | डॉ. सतीश कौशिक | सदस्य |
| 25. | डॉ. पी. आर. जाटकर | सदस्य |
| 26. | डॉ. ए. पी. [illegible] | सदस्य |
| 27. | डॉ. रणजीत अरोड़ा | सदस्य |
| 28. | डॉ. बी. डी. किराडू | सदस्य |
| 29. | डॉ. पी. आर. ओझा | सदस्य |
| 30. | श्रीमती सुशीला चौहान | सदस्य |
| 31. | डॉ. एन. के. शर्मा | सदस्य |
| 32. | डॉ. आर.एस. मीणा | सदस्य |
| 33. | श्री एस. एन. शर्मा | सदस्य |
| 34. | श्री कमल कोठारी | सदस्य |
| 35. | श्रीमती सुमन सिंह | सदस्य शिक्षा |
| 36. | श्री जसवन्त सिंह खीचड़ | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष, विद्या परिषद (माननीय कुलपति, बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर) ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। विशेषरूप से पाठ्यक्रम समन्वयकों को दिनांक 31.05.2006 को विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेकर उनसे संबंधित पाठ्यक्रम में रही कमी को दूर करने व पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही विश्वविद्यालय को अपने दायित्व को समयानुसार पूर्ण करने पर माननीय सदस्यों से प्राप्त सहयोग की सराहना की व भविष्य में और सहयोग की अपेक्षा जताते हुए विद्या परिषद की औपचारिक बैठक प्रारम्भ करने के लिए सदस्य सचिव, विद्या परिषद से कहा।

सदस्य सचिव ने सभी उपस्थित माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की घोषणा की व कार्य सूची के बिन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया। जिन पर सदस्यों द्वारा क्रमवार विचार-विमर्श किया गया।

1. **बिन्दु संख्या 1: बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर के पाठ्यक्रम मण्डलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2006-07 के लिए तैयार किए गये पाठ्यक्रमों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव:-**

पाठ्यक्रम मण्डलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2016-07 के लिए तैयार किए गये निम्नलिखित पाठ्यक्रमों को परिषद् के समक्ष विचार-विमर्श एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया:-

| क्र०सं० | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| 1. | हिन्दी |
| 2. | अंग्रजी |
| 3. | संस्कृत |
| 4. | राजस्थानी |
| 5. | उर्दू एवं परसीयन |
| 6. | दर्शनशास्त्र |
| 7. | गणित |
| 8. | प्राणीशास्त्र |
| 9. | वनस्पति शास्त्र |
| 10. | भूगर्भ विज्ञान |
| 11. | कम्प्यूटर एप्लीकेशन |
| 12. | पर्यावरण |
| 13. | बॉयोटेक्नलोजी |
| 14. | माइक्रोबॉयोलोजी |
| 15. | ए.बी.एस.टी. |
| 16. | व्यावसायिक प्रशासन एवं प्रबंध |
| 17. | राजनीति विज्ञान |
| 18. | समाजशास्त्र |
| 19. | इतिहास |
| 20. | लोक प्रशासन |
| 21. | अर्थशास्त्र |
| 22. | भूगोल |
| 23. | गृह विज्ञान |
| 24. | भौतिक शास्त्र |
| 25. | रसायन शास्त्र |
| 26. | शिक्षा |

संबंधित पाठ्यक्रमों के समन्वयकों ने अपने पाठ्यक्रमों में किये गये परिवर्तन को माननीय सदस्यों के समक्ष रखा। समन्वयकों द्वारा यह भी बताया गया कि पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम व विभिन्न समसामयिक विषयों को सम्मिलित करते हुए तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम तैयार करते समय यह भी ध्यान रखा गया है कि विद्यार्थी पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन हेतु प्रेरित हों तथा पास-बुक से उन्हें कम से कम सहयोग मिले। विद्यार्थी को पाठ्यपुस्तक से परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी लाभ मिले। इन विचारों का सभी सदस्यों ने स्वागत किया व सभी पाठ्यक्रमों में किए गये परिवर्तन पर विचार-विमर्श के बाद उन्हें अनुमोदित किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के संयोजक विद्या परिषद की बैठक में उपस्थित न होने के कारण उनका अनुमोदन अध्यक्ष, विद्या परिषद (कुलपति महोदय) द्वारा किया गया।

| क्र०स० | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| 1. | ड्राइंग एवं पेंटिंग |
| 2. | संगीत |
| 3. | ई०ए०एफ०एम० |
| 4. | विधि |
| 5. | पंजाबी |

2. **बिन्दु संख्या 2: अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से:**

(अ) डॉ० कमल सिंह कोठारी ने यह आपत्ति उठाई कि विद्या परिषद के नियमानुसार सभी सदस्यों को कार्य सूची के साथ सभी पाठ्यक्रमों की एक प्रतिलिपि देनी चाहिए थी।

माननीय अध्यक्ष ने इस संबंध में सूचित किया कि अधिकत्तर पाठ्यक्रम संयोजकों से काफी देरी से प्राप्त हुए। समय के अभाव में पाठ्यक्रम सभी को उपलब्ध करवाना संभव नहीं हो सकता था। अगर ऐसा किया जाता तो बैठक में और देरी होती व पाठ्यक्रम को प्रकाशित करवाने में देरी होती जो कि छात्र हित में उचित नही रहता। दिनांक 31.05.2006 को सभी समन्वयकों की बैठक इसी उद्देश्य से रखी गई थी कि वे अपने पाठ्यक्रम को देख लें और यदि उसमें कोई परिवर्तन हो तो उसे दुरूस्त कर दिया जावें।

(ब) डॉ॰ एम॰ एल॰ शर्मा ने सुझाव व्यक्त किया कि पाठ्यक्रम में प्रस्तावित परिवर्तन संबंधी एक प्रपत्र कार्य सूची के साथ अलग से लगाना चाहिए, जिससे सदस्यों को परिवर्तन को देखने में आसानी हो।

सभी सदस्यों ने इसका स्वागत किया व इसे आगामी बैठक से लागू करने का निर्णय लिया गया।

(स) बैठक में यह भी प्रस्ताव आया कि पाठ्यक्रम मण्डलों की बैठक अगस्त-सितम्बर माह में करवाई जानी चाहिए एवं उसके एक माह बाद पाठ्यक्रम प्रस्तुत करने हेतु संयोजकों की बैठक बुलाई जावे, जिस पर कोई एक मत निर्णय नहीं हो सका। इस विषय में विश्वविद्यालय अपने कार्यक्रमानुसार कार्यवाही करें।

(द) डॉ॰ एम॰ एल॰ शर्मा, डॉ॰ सी॰ एम॰ कटारिया, व श्री कमल कोठारी ने आपत्ति उठाई कि नियमानुसार कार्य सूची के पहले बिन्दु में पूर्व बैठक के कार्यावृत को अनुमोदन हेतु परिषद के समक्ष रखा जाना चाहिए। यह एक प्रक्रियात्मक कमी है।

इस संबंध में सदस्य सचिव ने अवगत कराया कि भूलवश यह त्रुटि रह गई है। माननीय सदस्यों को कार्यवृत्त की प्रतिलिपि प्रथम बैठक के बाद भिजवा दी गई थी। अगर माननीय सदस्य कहे तो उसे परिषद के समक्ष पढ़ दिया जावे।

विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि प्रथम बैठक के कार्यावृत को विद्या परिषद की अगली बैठक में रख अनुमोदित करवा लिया जावे।

अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

O/C कुलसचिव 26/7/2006